हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 अप्रैल 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत 1665 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सिंह सैनी ने कहा कि किसान की फसल का एक–एक दाना खरीदा जाएगा।

3. केंद्र सरकार ने कहा पश्चिम एशिया संकट के बीच देश में घरेलू एलपीजी और ईंधन की आपूर्ति सामान्य।

4. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर फसल खरीद को लेकर किसानों को भ्रमित करने का आरोप लगाया।

5. माय भारत बजट क्यूइस्ट 2026 के अंतर्गत हिसार में राज्य स्तरीय सम्मेलन होगा ।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत 1665 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की। इसमें 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना, 15 तरह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, दयालु योजना और अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को ट्रैक्टर सब्सिडी शामिल है। चण्डीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 तरह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत भी 1144 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि सीधे 35 लाख 55 हजार 187 लाभार्थियों के खातों में डाली गई है। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता और दिव्यांगजन भत्ता और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज दयालु योजना के तहत भी 7 हजार 875 परिवारों को 298 करोड़ 7 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग की चिंता करती है। आज अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को ट्रैक्टर सब्सिडी प्रदान की गई है।

दो आई ए एस अधिकारियों और हाल ही में हुए निलंबन के बैंक घोटाले से संबंध बारे पूछे सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि सी बी आई जांच कर रही है।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह सिंह सैनी ने कहा है कि किसान की फसल का एक–एक दाना खरीद जाएगा।

आज चंडीगढ़ में फसल खरीद की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अब तक मंडियों में 16 हजार 46 मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई है। इसमें से 3 हजार 421 मीट्रिक टन सरसों सरकार द्वारा और शेष सरसों निजी व्यापारियों द्वारा खरीदी गई

है। मंडियों से 1 हजार 558 मीट्रिक टन सरसों का उठान करवाया जा चुका है। किसानों को अब तक 4 करोड़ 94 लाख रुपये का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है।

इसी प्रकार, कुल 17 लाख 37 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसमें से 3 लाख 92 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। बारिश रुकने के बाद अब उठान प्रकिया में तेजी आएगी। किसानों को अब तक 13 करोड़ 9 लाख रुपये का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 6, 7 व 8 अप्रैल को हुई बारिश के कारण प्रदेश के 4 जिलों फतेहाबाद, हिसार, सिरसा व कुरूक्षेत्र के कुछ गांवों में फसलों को नुकसान होने की रिपोर्ट मिली है।फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए हिसार, सिरसा व फतेहाबाद के लिए पोर्टल खोल गया है। अब तक  पोर्टल पर तीनों जिलों के 1 हजार 350 किसानों ने 10 हजार 88 एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण करवाया है। इनमें फतेहाबाद जिले के 9 गांव, हिसार के 10 गांव तथा सिरसा के 2 गांव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान वाले बाकी जिलों में भी तुरंत कार्रवाई की जायेगी।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच देश में घरेलू एलपीजी और ईंधन की आपूर्ति स्थिर है।आज नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालय ब्रीफिंग के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश भर में प्रतिदिन एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है।

सुश्री शर्मा ने आश्वासन दिया कि एल पी जी, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज पिपली अनाज मंडी का दौरा कर किसानों, आढ़तियों और मजदूरों से बातचीत  की । श्री हुड्डा ने कुरुक्षेत्र के उपायुक्त से फोन पर बातचीत की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मंडी में बायोमैट्रिक प्रक्रिया, गेट पास और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठाए।
पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करवा कर अदालत से राहत देने के बयान पर श्री हुड्डा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो लोग यह बोल रहे हैं उनको अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल फसल खरीद को लेकर किसानों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं।

आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने मंडियों में सुचारु खरीद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। प्रत्येक मंडी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, अतिरिक्त मुख्य सचिव

स्तर के अधिकारियों को जिलों की जिम्मेदारी दी गई है और मंत्री, विधायक व प्रशासनिक अधिकारी लगातार मंडियों का दौरा कर रहे हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 10 साल के शासन में किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए 3 से 7 दिन तक मंडियों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता था। बोरियों की आपूर्ति नहीं होती थी। किसान अपने पैसे से तिरपाल लेकर आता था। किसानों को भुगतान भी समय पर नहीं मिलता था। यहां तक कि किसान को मुआवजे के 2—2 रुपये के चैक देकर उसका मजाक बनाया जाता था।मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि कांग्रेस बताए कि अपने 10 साल के शासन में उन्होंने कितने गोदाम बनाए हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज जींद की अनाज मंडियों का दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि किसी भी किसान को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा –

---------------------------------------------------------------------------------------------------

माय भारत बजट क्यूइस्ट (Budget Quest) 2026 के अंतर्गत हिसार में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।इस सम्मेलन में चयनित प्रतिभागियों के साथ केंद्रीय मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया संवाद करंगे। हिसार में आज एक पत्रकार वार्ता में माय भारत की उप निदेशक सुश्री सुरमयी ने बताया –

---------------------------------------------------------------------------------------------------